प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार दिनांक 23.01.2025

मुख्य समाचारः—

- मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में छत्तीसगढ़ को मिले छह हजार करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव।

- रायपुर पुलिस ने तीन राज्यों के चालीस ठिकानों पर छापे मारकर साइबर फ्रॉड करने के आरोप में बासठ लोगों को किया गिरफ्तार।

- नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती, पराक्रम दिवस के अवसर पर देशभर के केंद्रीय विद्यालयों में राष्ट्रव्यापी 'परीक्षा पे चर्चा' क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- प्रदेश के विभिन्न स्थानों के न्यूनतम तापमान में कल से एक बार फिर गिरावट का दौर शुरू हो सकता है।

<u>इन्वेस्टर कनेक्ट मीट</u>
मुंबई में हुई इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में छत्तीसगढ़ को छह हजार करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंबई में अमेरिकी कॉन्सल जनरल और रशिया कॉन्सल जनरल से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश की इच्छा जताते हुए राज्य के अनुकूल कारोबारी माहौल की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को छह हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

<u>फ्रॉड केस—छापे</u>
साइबर फ्रॉड के मामले में रायपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा के निर्देश पर 'ऑपरेशन साइबर शील्ड' चलाकर सौ से अधिक पुलिसकर्मियों ने छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव और महासमुंद के साथ ही राजस्थान और ओडिशा के करीब चालीस ठिकानों पर छापे मारे हैं। इस दौरान बासठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें नाइजीरिया के तीन नागरिक भी शामिल हैं। इसके लिए पुलिस की करीब बीस टीमें बनाई गई थीं। अभी तक करीब पचासी करोड़ रूपये के साइबर फ्रॉड की बात सामने आई है। ये लोग डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग, क्रिप्टोकरेंसी, केवाईसी अपडेट जैसे तरीकों का इस्तेमाल करके लोगों के साथ धोखाधड़ी किया करते थे। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों के थानों में चौदह सौ से अधिक मामले दर्ज हैं।

इस बारे में रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने आकाशवाणी समाचार को जानकारी दी।

<u>राष्ट्रीय मतदाता दिवस—शपथ</u>
पंद्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में कल मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग ने सुबह ग्यारह बजे शपथ दिलाने के निर्देश दिए हैं।

इस बीच, नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दुर्ग जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 'जागव—वोटर जाबो कार्यक्रम' के तहत ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और शिक्षकों द्वारा रैली निकालकर और रंगोली तथा मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान का महत्व बताया जा रहा है।

"रिपब्लिक डे एट होम"

नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर "रिपब्लिक डे एट होम 2025" में शामिल होने के लिए देशभर के दो सौ पचास प्रतिष्ठित अतिथियों और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आमंत्रित किया गया है। इनमें छत्तीसगढ़ के चुने हुए अतिथि भी शामिल हैं। इन अतिथियों को डाक विभाग द्वारा निमंत्रण पत्र वितरित किया गया है। इस निमंत्रण कार्ड को अशोक चक्र के साथ एक बॉक्स में पैक किया गया है, जो राष्ट्रपति के निमंत्रण का प्रतीक है और इसमें कुछ हस्तनिर्मित सामग्री भी है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रायपुर के कमल नारायण साहू, जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़ की हेमलता मनहार, राजनांदगांव जिले के पनेका गांव की मधुलिका रामटेके और कबीरधाम जिले के पंडरिया गांव की जगतीन बाई शामिल हैं।

एट होम रिसेप्शन में शामिल होने के लिए राजनांदगांव के कुसमी गांव की लखपति दीदी दिव्या निषाद का भी चयन किया गया है। इस दौरान राष्ट्रपति उन्हें सम्मानित करेंगी।

आकाशवाणी से चर्चा में दिव्या निषाद ने अपने लखपति दीदी बनने के अनुभव को साझा किया।

वहीं, बिलासपुर जिले के किसान दंपत्ति – दिव्या वर्मा और उनके पति जदुनंदन वर्मा को परिवार के साथ नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। किसान दंपत्ति को कृषि क्षेत्र में नवाचार और जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आमंत्रण मिला है।

सुभाषचंद्र बोस जयंती

आज पराक्रम दिवस है। यह दिवस नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश, नेताजी सुभाषचंद्र बोस से प्रेरणा लेकर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रतिबद्ध है।

वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन किया है।

पराक्रम दिवस–क्विज प्रतियोगिता

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती, पराक्रम दिवस के अवसर पर देशभर के केंद्रीय विद्यालयों में राष्ट्रव्यापी 'परीक्षा पे चर्चा' क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और नेताजी की विरासत को श्रंद्धाजलि देने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इसी कड़ी में आज छत्तीसगढ़ के दुर्ग स्थित केंद्रीय विद्यालय में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पांच लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर के सहायक आयुक्त रविंदर कुमार ने पराक्रम दिवस और परीक्षा पे चर्चा को लेकर जानकारी दी।

प्रदेश के अन्य जिलों के केंद्रीय विद्यालयों में भी क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जांजगीर–चांपा जिले के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में दस स्कूलों के सौ छात्र–छात्राएं शामिल हुए।

आईईडी बरामद–माओवादी आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने करीब पचास किलो वजनी आईईडी बरामद कर उसे निष्क्रिय कर दिया है। यह आईईडी माओवादियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए बासागुड़ा–तिम्मापुर मार्ग पर लगा रखा था। जानकारी के अनुसार डीआरजी, सीआरपीएफ और बीडीएस की संयुक्त टीम बासागुड़ा थाना क्षेत्र से सर्चिंग पर निकली थी। इसी दौरान दुर्गा मंदिर के पास से आईईडी बरामद किया गया।

वहीं, दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में समेली–बर्रेम मार्ग पर सुरक्षा बलों ने दो किलो का आईईडी बरामद किया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

इधर, नारायणपुर जिले में पांच महिला सहित आठ माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से एक माओवादी पर पांच लाख रूपये और तीन अन्य माओवादियों पर एक–एक लाख रूपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों पर नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले में हुई विभिन्न घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

इस बीच, सुकमा जिले के दुल्लेड़ और मेटागुड़ा के जंगल में कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ के जवानों ने माओवादियों द्वारा डम्प किए गए माओवादी सामग्री और उपकरण बरामद किए हैं।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में कल से उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं के आने की संभावना बन रही है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर एक बार फिर शुरू हो सकता है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

- राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में हो रहे नगर पालिका और त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनावों के लिए विभिन्न जिलों में प्रेक्षक नियुक्त कर दिए हैं।

- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव और छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़ कल चौबीस जनवरी से छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर रायपुर आएंगे।

- मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव थाना अंतर्गत मिचगांव में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

- जशपुर और अंबिकापुर जिले में रकम दोगुना करने का झांसा देकर लोगों से करोड़ों रूपये की ठगी करने वाले चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर दिलीप कुमार साहू को पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

- बिलासपुर जिले के लिम्हा गांव में बीती रात ट्रेलर अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुसा। इस हादसे में चार वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं, चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

- स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड–सेल के स्थापना दिवस के अवसर पर कल चौबीस जनवरी को भिलाई इस्पात संयंत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में भिलाई के जयंती स्टेडियम में पांच किलोमीटर पैदल दौड़ का आयोजन किया जाएगा।